<u>बाल दिवस 2019-20</u>

चारों ओर फैली खुशियाँ, मस्ती की बौछार है । बाल दिवस यह नन्हे मुन्हे बच्चों का त्योहार है ।

इस वर्ष और उल्लास तथा नन्हे बच्चों के उत्साह को देखते हुए सेंट मोंटफोर्ट स्कूल के प्राइमरी शाखा में 'बाल दिवस' बेहद खास अंदाज़ में मनाया गया । इस कार्यक्रम का प्रारंभ शिक्षको द्वारा प्रार्थना गीत गाकर किया गया । चाचा नेहरु पर माल्यार्पण किया गया । छात्रों को चाचा नेहरु के बारे में बताया गया कि क्यों 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाया जाता है । इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ब्रदर बाला जोसेफ, हेड मिस्ट्रेस सिस्टर क्रिस्टी ने सराहनीय एवं उत्साह वर्धक उपस्थिति दी । शिक्षको द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिन्हें छात्रों द्वारा सराहा गया |

राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया तथा छात्रों को चॉकलेट बांटी गई ।